कार्याललय जिला पंचायत जबलपुर

विज्ञप्ति

पंचायत सचिव के रिक्त पदों की पूर्ति

क्रमांक / प0प्रको0 / 13 / 3387 जबलपुर दिनांक 18–06–2013

मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र क्रमांक / एफ–1–9 / 2012 / 22 / प–1 / भोपाल दिनांक 03 अक्टूबर 2012 के परिपालन में म0प्र0 पंचायत सेवा (ग्राम पंचायत सचिव भर्ती और सेवा शर्ते) नियम 29–मार्च 2011 एवं दिनांक 10–09–2012 में वर्णित नियम निर्देशानुसार जिला जबलपुर की रिक्त ग्राम पंचायत में सचिवों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवदेन निर्धारित प्रारूप में दिनांक 03–07–2013 के शाम 5.00 बजें तक आमंत्रित किये जाते है।

(एक)–पदों की संख्या एवं आरक्षण

क्रमांक	पद का नाम	रिक्त पद कुल संख्या	प्रवर्ग अनुसार पद संख्या						योग
			अनारक्षित		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जनजाति		
			म0	पु0	म0	पु0	म0	पु0	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	ग्राम पंचायत सचिव	13	01	02	02	05	01	02	13

विज्ञप्ति में प्रकाशित रिक्त पदों की कुल संख्या कम या ज्यादा हो सकती है,इसके संबंध में कोई दावा मान्य नही किया जावेगा। म0प्र0शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण नियमों का पालन किया जावेगा।

<u>न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता</u>

1. मान्यता प्राप्त शैक्षणिक बोर्ड से हायरसेकेन्डरी परीक्षा उत्तीर्ण।
2. विश्वविघालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविधालय अथवा मुक्त विश्वविधालय की कम्प्यूटर डिग्री / डिप्लोमा (कम्प्यूटर परीक्षा उत्तीण) होना अनिवार्य है।
3. आवेदक को ग्राम पंचायत सचिव भरर्ती एवं शर्ते नियम 2011 अनुसार निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता अनुसार 10+2 परीक्षा में कुल प्राप्तांक का 65 प्रतिशत स्नातक की डिग्री में कुल प्राप्तांकों का 10 प्रतिशत निर्धारित,स्नातकोत्तर डिग्री में कुल प्राप्तांक का

10 प्रतिशत तथा कम्प्यूटर अर्हता हेतु 15 अंक के आधार पर तीन गुना मेरिट सूची तैयार की जावेगी।

आयु सीमा

1. अभ्यर्थी ने 21 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो और रिक्त पद के लिए जारी सूचना के प्रकाशन की तारीख से ठीक बाद आने वाली जनवरी में प्रथम दिन को 40 वर्ष से अधिक न हो,अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति,अन्य पिछडा वर्ग,निशक्त तथा महिला अभ्यर्थियों को शासन के नियमों तथा आदेशों के अनुसार उच्चतर आयु सीमा में छूट दी जावेगी।

शर्तेः–

1.आवेदक जबलपुर जिले का स्थायी निवासी होना चाहिए।

2.प्रवर्गवार अवरोही क्रम में तैयार मेरिट सूची म0प्र0 पंचायत सेवा (ग्राम पंचायत सचिव भर्ती और सेवा शर्ते) नियम 2011 के नियम 5 (3) में वर्णित समिति की बैठक में चयन उपरांत जिला/जनपद के सूचना पटल पर चस्पा की जावगी।

3.चयनित व्यक्ति को नियुक्ति आदेश जारी/तामिल होने पर वह 15 दिन में नियुक्ति स्थान पर उपस्थित नही होता है तो उक्त स्थिति में प्रतीक्षा सूची में क्रमांक–1 पर शामिल व्यक्ति के नाम का नियुक्ति आदेश जारी किया जाकर तामिल करवाया जावेगा।

4.प्रतीक्षा सूची एक वर्ष तक के लिए वैध रहेगी। इस दौरान रिक्त हुए पदों की पूर्ति प्रतीक्षा सूची से की जावेगी।

5.कोई भी अभ्यर्थी जिसकी दो से अधिक संतान है,जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो,किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नही होगा।

6.कोई भी अभ्यर्थी जिसने विवाह के लिए राज्य सरकार द्वारा नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो,किसी पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नही होगा।

आवेदन पत्र

अ. विज्ञापन में दर्शाये गये आवेदन पत्र के प्रारूप में ही आवेदक अपना आवेदन सम्पूर्ण जानकारी के साथ प्रेषित करें। अन्य किसी भी प्रारूप में आवदेन स्वीकार नही किया जावेगा।

ब.लिफाफे पर स्पष्ट शब्दों में आवेदित पत्र का नाम उल्लेख होना चाहिए।

स.आवेदन पत्र पर अपूर्ण/त्रुटिपूर्ण अथवा असत्य जानकारी देने पर आवेदन निरस्त कर दिया जावगा ।

आवेदन पत्र दिनांक 19–06–2013 से दिनांक 03–07–2013 तक कार्यालय जिला पंचायत जबलपुर में शाम 5.00 बजें तक (शासकीय अवकाश छोडकर) जमा किये जावेगें।

क्रमांक	पद का नाम जिसमें नियुक्ति की जाना है	मानदेय/वेतनमान	नियुक्ति प्राधिकारी	अभ्युक्तियां
1	2	3	4	5
1	ग्राम पंचायत सचिव	रू01600/– नियत और रू0 250 यात्रा भत्ता	मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत	ग्राम पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति दिनांक से 3 वर्ष तक

नोटः– ग्राम पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति दिनांक से 03 वर्ष की संतोषप्रद सेवा पूर्ण करने के उपरांत नियमानुसार वेतनमान रू0 2200–3700 तथा रू0 250 नियत यात्रा भत्ता देय होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत जबलपुर।

//ग्राम पंचायत सचिव के पद के लिये आवेदन का प्रारूप//

फोटो पासपोर्ट साइज

(1) नाम मय पिता/पति...

(2) जन्म तिथि अंकों में ....शब्दों में ....

(3) न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं प्राप्तांक का प्रतिशत ....

(4) अन्य योग्यता ....

(5) कम्प्यूटर योग्यता ....

(6) जाति/वर्ग ....

(7) विवाहित/अविवाहित..विवाह का दिनांक ....

(8) यदि विवाहित हो तो बच्चों की संख्या ....तथा सबसे छोटे बच्चे की जन्मतिथि ....

(9) पत्राचार का पता ....पिन कोड ....

(10) स्थायी पता ....पिन कोड ....

मैं एतद्वद्वारा घोषणा करता /करती हॅू कि उपरोक्त समस्त विवरण मेरे संज्ञान के अनुसार सत्य है। उपरोक्त विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि अथवा गलत पाये जाने की स्थिति में मेरी उम्मीदवारी निरस्त समझी जावेगी,जो मुझें बिना शर्त मान्य होगी।

दिनांक ....

आवेदक के हस्ताक्षर

पूरा नाम.....................

दूरभाष/मो0न0..................

.

नोट– आवेदक पत्र में दर्ज कोई भी असत्य जानकारी ग्राम पंचायत सचिव के पद हेतु अपात्रता होगी।